दिन– शुक्रवार दिनांक– 17/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। विभिन्न दलों के नेता उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा और रोड शो कर रहे हैं।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर देश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया।

03. लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस लिया। अब कुल एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनावी मैदान में।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के पार। तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। इसे देखते हुये विभिन्न दलों के नेता उम्मीदवारों के समर्थन में तूफानी दौरा कर रहे हैं। इस चरण में राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में बीस मई को मतदान होगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सारण लोकसभा क्षेत्र के अमनौर स्थित धरहरा खुर्द मैदान में पार्टी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुये श्री आदित्यनाथ ने कहा कि चार चरणों के सम्पन्न हो चुके चुनाव में केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के लिए भरपूर समर्थन मिला है।

–––बाईट–––

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि चार जून को एक बार फिर मोदी सरकार का आना तय है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के सुशासन से देश और राज्य का तीव्र विकास हो रहा है।

–––बाईट–––

वहीं, सीतामढ़ी जिले के परिहार में लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशी देवेश चन्द्र ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। दूसरी ओर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैदपुर प्रखंड में आयोजित सभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अर्जुन राय को जिताने की अपील की।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर देश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि जैसे–जैसे चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विपक्षी इंडी गठबंधन में सम्भावित पराजय को देख कर भगदड़ मची हुई है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केन्द्र में एक मजबूत और दमदार सरकार केवल एनडीए ही दे सकती है।

———बाईट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर दोहराया है कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी। ओड़िसा के राउलकेला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने कहा कि चार चरणों में सम्पन्न हो चुके चुनाव में एनडीए बहुमत की संख्या को पार कर चुका है।

———बाईट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि केन्द्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त कर दिया जायेगा। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि इस योजना से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

———बाईट———

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने अंतिम दिन चार उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार बक्सर लोकसभा से एक, काराकाट से एक और जहानाबाद से दो उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया है। सातवें चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए अब कुल एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। नालंदा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार जबकि सासाराम में सबसे कम

दस उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से पन्द्रह, आरा और बक्सर से चौदह–चौदह तथा काराकाट से तेरह उम्मीदवार चुनावी मैदान में बच गये हैं। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

---

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी में साईकिल रैली निकाली गयी। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित रैली के माध्यम से जिले में पच्चीस मई को होने वाली वोटिंग को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

---

कैमूर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं और जीविका दीदियों ने रामपुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

---

अरवल की जिला निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह की ओर से एक जून को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप सेल के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात बक्सर लोकसभा सीट की। बक्सर बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बक्सर ———

बिहार के पश्चिमी भाग में गंगा नदी के किनारे स्थित बक्सर का इतिहास युद्ध और धार्मिक महत्व का रहा है। सियासी रूप से भी बक्सर अपनी अलग पहचान रखता है। उन्नीस सौ बावन में अस्तित्व में आया बक्सर लोकसभा क्षेत्र कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। समय के साथ यहां वामपंथी दलों ने भी अपनी पकड़ बनाई। कालांतर में यह सीट भाजपा का गढ़ बन गया। पार्टी के लालमुनि चौबे ने वर्ष उन्नीस छियानवे से दो हजार चार तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष दो हजार नौ में राजद के जगदानंद सिंह इस सीट से निर्वाचित हुए। वहीं, वर्ष दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में बक्सर से भाजपा के कद्दावर नेता अश्विनी कुमार चौबे को जीत मिलती रही। हालांकि इस बार पार्टी ने उनकी जगह मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। श्री तिवारी बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र का वर्ष दो हजार पंद्रह में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं, राजद ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। श्री सिंह वर्तमान में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र से पूर्व मंत्री ददन पहलवान और भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्र भी चुनाव मैदान में हैं। आनंद मिश्र की छवी एक कड़क पुलिस अधिकारी की रही है और उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट भी माना जाता है। वे मूलरूप से भोजपुर जिले के पड़सौरा गांव के रहने वाले हैं। इस बार बक्सर सीट पर दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा दो प्रमुख निर्दलीय प्रत्याशियों के उतरने से मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है। विधानसभावार स्थिति देखें तो बक्सर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है। ब्रहमपुर, रामगढ़ और दिनारा से राजद के विधायक हैं, जबकि बक्सर और राजपुर पर कांग्रेस तथा डुमरांव विधानसभा क्षेत्र पर भाकपा माले का कब्जा है। कभी धान के कटोरा के रूप में विख्यात रहे बक्सर लोकसभा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था आज भी कृषि आधारित है। क्षेत्र में उद्योग धंधे मृतप्राय हैं। भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे हैं। वहीं, राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह समेत निर्दलीय ददन पहलवान और आनंद मिश्र स्थानीय समस्याओं को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र की जनता किस प्रत्याशी पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

---

केन्द्र सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं और छह फॉर्मूलेशन्स की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के किशनगंज, अररिय सहित दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की सम्भावना है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में अलग–अलग दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गयी। वहीं, पांच अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई–देवघर मुख्य मार्ग पर एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से वाहन पर सवार दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, शेखपुरा जिले के घाटकुसुम्भा प्रखंड के सहरा गांव के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर में मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। इधर, सुपौल जिले के निर्मली थाना क्षेत्र के जरौली वार्ड नंबर चार में आज मिट्टी धंसने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। दोनों महिलाएं तिलयुगा नदी में मिट्टी काटने गई थी।

---

बेगूसराय की विशेष पोक्सो अदालत ने नाबालिग लड़की से वेश्यावृत्ति कराने के आरोपी अमित पासवान को बीस वर्ष की कारावास के साथ बीस हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

---

नवादा जिले के कौआकोल में झारखंड की सीमा पर पिछले दिनों एक युवक को जिंदा जलाकर मार दिये जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

पूर्वी चंपारण के मोतिहारी मद्य निषेध थाना क्षेत्र में पदस्थापित उत्पाद दारोगा विकाश कुमार सिन्हा को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। विभिन्न दलों के नेता उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा और रोड शो कर रहे हैं।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर देश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया।

03. लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस लिया। अब कुल एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनावी मैदान में।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के पार। तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।